आयोजन

महाशिवरात्रि मेले में पहली पायरी आने वाले हजारों शिवभक्तों को 1 सप्ताह कराया जाता है भरपेट भोजन

# 19 वर्षों की अखंड सेवा परंपरा पहली पायरी में महाशिवरात्रि का विराट महाभंडारा

## महादेव मेले में पहली पायरी से चौडागढ़ मेले की यात्रा करने वाले भक्तजनों की होती है विशेष सेवा

**16 फरवरी को हवन पूजन के साथ मूर्ति विसर्जन कर महाभण्डारे का होगा समापन**





**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 14 फरवरी, महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला की सुरम्य वादियों में स्थित पचमढ़ी के प्रसिद्ध चौड़ागढ़ मंदिर में विराजमान भगवान भोलेनाथ के मेले की पावन यात्रा का शुभारंभ प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु जुन्नारदेव विशाला की पहली पायरी से करते हैं। महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश सहित देश के विभिन्न प्रांतों से आने वाले श्रद्धालु महादेव मेले में शामिल होने से पूर्व पहली पायरी पर भगवान भोलेनाथ के दर्शन-पूजन कर अपनी यात्रा प्रारंभ करते हैं।**

इसी पावन अवसर पर पिछले 19 वर्षों से शिवभक्तों की सेवा हेतु आयोजित विशाल महाभंडारा आज एक अद्भुत और प्रेरणादायी स्वरूप ले चुका है। शिव के अनन्य भक्त कमल मदान एवं उनकी मित्रमंडली द्वारा वर्षों पूर्व की गई छोटी-सी शुरुआत अब हजारों श्रद्धालुओं के लिए सेवा और समर्पण का विराट केंद्र बन गई है।

### 6 दिनों तक 24 घंटे सेवा

- 11 फरवरी से प्रारंभ हुआ यह भंडारा महाशिवरात्रि मेले के दौरान लगातार 6 दिनों तक संचालित किया जाता है, जिसमें आने वाले शिवभक्तों को 24 घंटे भोजन प्रसाद उपलब्ध कराया जाता है। महाशिवरात्रि के दिन तो पहली पायरी पर हजारों श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का पूजन कर भंडारे में सम्मिलित होकर प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस महाभंडारे का समापन 16 फरवरी को हवन पूजन कर भंडारा स्थल पर स्थापित की गया मूर्तियों के विसर्जन के साथ किया जाएगा। भंडारे में भक्तों के लिए विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों की विशेष व्यवस्था की जाती है। साथ ही, महाशिवरात्रि पर व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं के लिए फलाहार की भी अलग से व्यवस्था की गई है, जिससे प्रत्येक शिवभक्त श्रद्धा एवं संतोष के साथ प्रसाद ग्रहण कर सके।

### भक्ति और आराधना का संगम

भंडारा स्थल पर भगवान भोलेनाथ के साथ शिवलिंग, भगवान श्री गणेश, वीर बजरंगबली, माँ सरस्वती एवं माँ नर्मदा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। प्रातः एवं सायं संगीतमय आरती के दौरान श्रद्धालु भक्ति भाव में सराबोर होकर झूम उठते हैं, जिससे पूरा वातावरण शिवमय हो जाता है।

### सेवा ही सबसे बड़ा पुण्य कृ कमल मदान

भंडारे के आयोजक कमल मदान का कहना है कि, ÷इतना बड़ा और पावन आयोजन भगवान भोलेनाथ की विशेष कृपा तथा मित्रों के अथक सहयोग से ही संभव हो पाता है। हमारा प्रयास है कि चौड़ागढ़ मेले की यात्रा पर आने वाले प्रत्येक शिवभक्त की यथासंभव सेवा कर सकें। शिव के सेवक समिति द्वारा सभी श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे पहली पायरी पर आयोजित इस महाभंडारे में सम्मिलित होकर भोजन प्रसाद ग्रहण करें और सेवा कार्य में सहभागिता निभाएं।

### हमारे हनुमान मंदिर परिसर में हो रहा विशाल भंडारे का आयोजन



**जुन्नारदेव।** महादेव मेला जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए पदम पठार पर स्थित हमारे हनुमान मंदिर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन हमारे हनुमान समिति द्वारा किया जा रहा है। यह भंडारा बीती 11 फरवरी से अनवरत जारी है जहां पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु भंडारे का भोजन प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए दाल, चावल, सब्जी, पूरी, अचार, पापड़, हलवा आदि की व्यवस्थाएं समिति द्वारा बनाई गई है।

### महाशिवरात्रि पर जुन्नारदेव विशाला में भव्य मेले का होगा आयोजन



**जुन्नारदेव।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नगर की धार्मिक स्थलीय पहली पायरी जुन्नारदेव विशाला में प्रशासन द्वारा भव्य मेले का आयोजन किया गया है जिसकी संपूर्ण व्यवस्थाएं भी बना ली गई है इसके साथ ही पहली पायरी में शिव भक्तों के लिए जय मां भवानी जागरण ग्रुप द्वारा शिव भक्ति संगीत की अनुपम प्रस्तुति रविवार दोपहर 12 से दी जाएगी। आयोजन समिति ने क्षेत्र की समस्त धर्मप्रेमी जनता से शिव भक्ति संगीत में उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# आवारा मवेशियों की धमाचौकड़ी

## दो सांड आपस में भिड़े दोपहिया वाहन हुई क्षतिग्रस्त



**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 14 फरवरी, नगर में आवारा मवेशियों की तादाद लगातार बढ़ती जा रही है इनकी धमाचौकड़ी के चलते कहीं आवागमन बाधित हो रहा है तो कहीं आम जनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन नगर की सड़कों पर आवारा मवेशियों के आपस में भिड़ जाने के चलते आम जनों को दुर्घटनाओं का शिकार होना पड़ रहा है।**

शनिवार दोपहर में भी इसी प्रकार का नजारा जुन्नारदेव थाना परिसर के अंदर देखने को मिला जहां पर दो आवारा सांड लड़ते हुए चार-पांच दो पहिया वाहनों को क्षतिग्रस्त कर गए वहीं स्थानीय लोगों और पुलिस प्रशासन के द्वारा सांडों को थाना परिसर से जैसे तैसे निकल गया।

### नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

अब नगर पालिका प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं जहां पर सैकड़ो की तादाद में आवारा मवेशी नगर की सड़कों पर खुलेआम घूम रहे हैं किंतु ना तो मवेशियों पर कोई कार्यवाही की जा रही है और ना ही इनके मालिकों पर ऐसे में नगरी क्षेत्र में लगातार आवारा मवेशियों की संख्या बढ़ती जा रही है वहीं आम जनों का कहना है कि यदि नगर पालिका द्वारा आवारा मवेशियों को बाजार क्षेत्र और रहिवासी क्षेत्र से बाहर नहीं निकल गया तो किसी दिन बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है नगर वासियों ने नगर पालिका प्रशासन से आवारा मवेशियों को नगरी क्षेत्र की सीमा से बाहर किए जाने की मांग भी की है और उनके मालिकों पर कार्रवाई की मांग भी की गई है।

# दिव्यांग बच्चों के बीच देवतारा फाउंडेशन ने बाटी खुशियां

## सी डब्लू एस एन दिव्यांग कन्या छात्रावास में उपहार स्वरूप छात्राओ को प्रदान की उनके जरूरत की सामग्री




**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 14 फरवरी, सोमवार को बी. टी. आई .परिसर स्थित सी डब्लू एस एन दिव्यांग कन्या छात्रावास में राष्ट्रीय संस्थान देवतारा फाउंडेशन के तत्वाधान में राष्ट्पति पुलिस पदक से सम्मानित रहे प्लाटून कमांडर स्वर्गीय राजदेव द्विवेदी की 11 वी पुण्यस्मृति में दिव्यांग बहनों को पानी की बोतल, लंच बॉक्स एवं दैनिक उपयोग की वस्तुए उपहार स्वरूप प्रदान की,वही माघमेला प्रयागराज में मां गंगा की गोद में श्रद्धांजलि सभा एवं भोजन महाप्रसाद कराया इसी तरह भोपाल के मातृछाया में भी उनकी याद में विभिन्न आयोजन हुए ।**

उनके सुपुत्र अमित द्विवेदी,अजीत द्विवेदी,आशीष द्विवेदी प्रतिवर्ष यह आयोजन कर रहे है इस अवसर पर रोटरी क्लब अध्यक्ष समाजसेवी विनोद तिवारी ,सेवा संकल्प सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ चंद्रकांत विश्वकर्मा सचिव संदीप अग्निहोत्री,उपाध्यक्ष सुश्री आराधना शुक्ला, नंदू निर्मलकर, विजय बहादुर,पप्पू माहोरे ,ए पी सी गजेंद्र ठाकुर, एवं स्टाफ, आराधना पाटिल, ललिता ,ज्योति डेहरिया सहित बड़ी संख्या में समाजसेवीयो ने राष्टपति पदक से सम्मानित स्वर्गीय राज द्विवेदी जी की फोटो पर पुष्प एवम मल्यापन अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। अमित द्विवेदी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# रक्तदान शिविर की तैयारियों को लेकर ग्राम विकास जन एवं जन जागरण एसोसिएशन की बैठक संपन्न



**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 14 फरवरी, ग्राम विकास जन एवं जन जागरण एसोसिएशन के तत्वावधान में आगामी 24 फरवरी 2026 को गांधी चौक, पनारा (तहसील जुन्नारदेव-डुंगरिया क्षेत्र) में एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर की पूर्व तैयारियों और रूपरेखा तय करने के लिए मंगलवार को पंडित रविशंकर स्थित सोनी निवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।**

बैठक में आगामी शिविर को सफल बनाने के लिए विस्तृत चर्चा की गई। संस्था के पदाधिकारियों ने उपस्थित सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपीं और अधिक से अधिक संख्या में युवाओं व आम नागरिकों को रक्तदान के प्रति जागरूक कर शिविर में लाने के लिए प्रेरित किया। वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान महादान है और हमारे एक छोटे से प्रयास से किसी की जान बचाई जा सकती है। इस अवसर पर जसवंत सिंह, रविकरण यादव, प्रशांत चंदेलकर, प्रदीप सोनी, सोनल भट्टाचार्य, राकेश यादव, राहुल यादव, अभिषेक विश्नोई सहित संगठन के अन्य सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।

# पातालेश्वर धाम से निकली भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात

## संतोषी माता मंदिर में हुआ शिव-पार्वती का अलौकिक मिलन



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 14 फरवरी, महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शहर में श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्री पातालेश्वर धाम से जय भोले जी सरकार सेवा समिति द्वारा भगवान भोलेनाथ की भव्य शिव बारात निकाली गई, जिसमें भक्ति के साथ-साथ शिव गणों की जीवंत झांकियों ने शहरवासियों का मन मोह लिया।**

### देव, दानव और भूत-प्रेत बने बाराती

पातालेश्वर धाम से शुरू हुई इस बारात में भगवान शिव के स्वरूप के साथ-साथ देव, दानव, गंधर्व, अप्सराएं और भूत-प्रेतों की टोलियां शामिल थीं। हाथी-घोड़ों और बैंड-बाजों की गूंज के साथ निकली इस बारात में शिवभक्त जमकर थिरके। बारात शहर के विभिन्न चौक-चौराहों और प्रमुख मंदिरों से होती हुई चारफाटक स्थित श्री संतोषी माता मंदिर पहुंची।

### संतोषी माता मंदिर में हुआ भव्य मिलन

बारात के चारफाटक पहुंचने पर %ज़ हर हर महादेव सेवा भगत समिति% द्वारा भव्य स्वागत किया गया। यहाँ श्री संतोषी माता मंदिर में भगवान भोलेनाथ और माता रानी का दिव्य मिलन संपन्न हुआ। आतिशबाजी की गूंज और पुष्पवर्षा के बीच शिव-पार्वती विवाह की रस्में पूरी की गई। इसके पश्चात माता रानी की डोली को बारात के साथ विदा किया गया, जो वापस पातालेश्वर धाम पहुंची।

### भक्तों का उत्साह और भव्य स्वागत

पूरी बारात के मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा मंच लगाकर बारात का स्वागत किया गया और भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से पूजन किया गया।

# सांसद ने 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ में धार्मिक, सामाजिक व अन्य संगठनों को किया आमंत्रित



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 14 फवरी, रामेश्वरम धाम सिहोरामाल में छिन्दवाड़ा के इतिहास में पहली बार होने जा रहे 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ की तैयारियां जिले भर में जोर-शोर से प्रारंभ कर दी गई है। 19 से 26 मार्च तक आयोजित हो रहे इस 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ को लेकर शनिवार को चौरई व चांद में धार्मिक, सामाजिक और अन्य संगठनों और सब्जी मंडी छिन्दवाडा में खाद बीज संघ एवं सब्जी मंडी समिति की बैठकों का आयोजन किया गया। बैठकों में पहुंचे सांसद बंटी विवेक साहू ने सभी धार्मिक, सामाजिक और अन्य संगठनों का उन्हें हर दम सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त करते हुए चैत्र नवरात्र के अवसर पर आयोजित हो रहे इस 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ में सादर आमंत्रित करते हुए सभी को आमंत्रण पत्र और यजमानों के लिए बनाए गए निःशुल्क पंजीयन फॉर्मो का वितरण किया।**

उल्लेखनीय है कि रामेश्वरम धाम सिहोरामाल में इस 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। विशाल यज्ञशाला के साथ ही अन्य आयोजन स्थलों का भी निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उक्त महायज्ञ की तैयारियों को लेकर विभिन्न समितियों की बैठक ली जा रही है। सांसद श्री साहू ने विभिन्न स्थानों आयोजित हुई बैठकों में शामिल होकर धार्मिक, सामाजिक और अन्य संगठनों के बंधुओं को इस 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ मे सादर आमंत्रित किया है। शनिवार को चौरई, चांद और सब्जी मंडी छिन्दवाडा में खाद बीज संघ एवं सब्जी मंडी समिति की बैठकों का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में धार्मिक, सामाजिक और अन्य संगठनों के सामाजिक बंधु शामिल हुए।

### छिंदवाड़ा की बैठक में यह रहे उपस्थित

सब्जी मंडी छिन्दवाडा में खाद बीज संघ एवं सब्जी मंडी समिति की बैठक में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता जगेन्द्र अल्डक, संतोष पटेल, चंद्रकुमार चंदु जैन, दिनेशकांत मालवी, रविन्द्र सेठिया, अशोक साहू, शिवकुमार शर्मा, श्यामराव कपाले, अशोक कुशवाहा, सत्यम सेमेकार, पिंटू मंडराह, नीरज बागडी, महेश साहू, विजय बागडी, नारायण डोले, प्रशांत जैन, पूर्व मंडी अध्यक्ष विजय बागडी, प्रीतम मंडराह, सतीश कुशवाह, अशोक कुशवाह, राशिद खान, अजय कुशवाह, शर्मा जी, प्रेमनारायण जायस्वाल, अश्वीन सदारंग, प्रशान्त जैन, मोहन शर्मा, शैलेन्द्र रघुवंशी सहित सम्माननीय सदस्यगण उपस्थित रहे।

### चौरई की बैठक में यह रहे उपस्थित

चौरई की बैठक मेंप्रमुख रूप से पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे, विधानसभा प्रभारी लखन वर्मा, अजब सिंह वर्मा, अतरलाल वर्मा, संतोष पटेल,जिला पंचायत सदस्य ऋषि वर्मा, मंडल अध्यक्षों में मदन राय,विजेंद्र ठाकुर, धरम वर्मा,चंदू जैन,संतोष पटेल,शैलेंद्र पटेल, परशराम वर्मा,गुड्डा रघुवंशी, रोहित पोफली,शरद खंडेलवाल, नीलू निर्मलकर,सिरपत नायक,सुरेंद्र सोनी,महेंद्र वर्मा,दीपक वर्मा,संजय ठाकुर,चंद्रभान सोनी,देवेंद्र शर्मा,सुरेंद्र राय,अनमोल चौधरी,राजेंद्र सन्दराम,जितेंद्र रघुवंशी,सुमित सराठे,सौरभ भार्गव,श्याम चौरसिया, अभिषेक मिश्रा, ललित डेहरिया, अजय सैन, भुजेंद्र शर्मा,मनोज साहू,नितिन रघुवंशी,योगेश जैन,शुभम रघुवंशी,नीरज शर्मा,राकेश यादव,हरि राय,दीपा राय, मोनी कुशराम,शकुन वर्मा,राजवंश ठाकुर,अरविंद वर्मा ,संजय वर्मा, रुस्तेश वर्मा,दिलीप वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

# शिवरात्रि विशेष में देवा जी देव भोलेनाथ एवं मां पार्वती का दिव्य श्रृंगार



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 14 फरवरी, महाशिवरात्रि की पावन पूर्व संध्या पर श्री महाकाल मोक्षधाम मंदिर में देवा जी देव भोलेनाथ एवं माँ पार्वती का भव्य एवं दिव्य विवाहोत्सव श्रृंगार किया गया।**

मंदिर परिसर को आकर्षक सजावट, पुष्प अलंकरण एवं प्रकाश व्यवस्था से सुसज्जित किया गया है, जहाँ श्रद्धालु भगवान शिव-पार्वती के दिव्य स्वरूप के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। इस विशेष अवसर पर रात्रिकालीन महाअभिषेक, पूजन-पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। तत्पश्चात प्रातः 5 बजे से विशाल फरारी (भंडारा) जिसमें चाय , साबूदाना , फल , हलवा परसादी का आयोजन रखा गया है। समस्त श्रद्धालु भक्तगण सपरिवार पधारकर इस पावन अवसर पर दर्शन लाभ प्राप्त करें एवं पुण्य के भागी बनें।